गुरु के बिना क्या जीवन

गुरु के बिना क्या जीवन, गुरु तो देते है ज्ञान,
जो गुरु को न जाने, है जीवन नरक समान,

जनम लेते ही बनते गुरु, अपने माता पिता,
शिक्षा लेने जहा भी जाओ, गुरु बनते माता पिता,
जहाँ भी जाओ जो करो, गुरु को दे दो मान,
जो गुरु को न जाने, है जीवन नरक समान,

अंधेरे में क्यो भटक रहे हो, ले लो गुरु का सहारा,
रोशनी तुम्हे मिल जाएगी, मिले जीने का सहारा,
गुरु ईश्वर गुरु देवता, गुरु स्वयं घनश्याम,
जो गुरु को न जाने, है जीवन नरक समान,

गगन में जितना ऊँचा उड़ो, धरती में ही आना,
विज्ञान के इस युग में भी, गुरु को सबने माना,
दिन दयाल कहे गुरु साथी, गुरु को अपना मान,
जो गुरु को न जाने, है जीवन नरक समान,

गुरु के बिना क्या जीवन, गुरु तो देते है ज्ञान,
जो गुरु को न जाने, है जीवन नरक समान,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18739/title/guru-ke-bina-kya-jeewan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |